





नवभारत
सतना, रविवार 24 मई, 2026



# सीवर लाइन से क्षतिग्रस्त सड़कों का रेस्टोरेशन का काम अधर में

## कई वार्डों में खस्ताहाल सड़क, बरसात में लोगों की होगी फजीहत, निगम आयुक्त के निर्देश का पालन नहीं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मई, रीवा शहर के अंदर सीवर लाइन और पेयजल पाइप लाइन के लिये मोहल्लो की कंक्रीट सड़को को खोद कर फेंक दिया गया. अपना काम करने के बाद कम्पनी ने ऊपर से मिट्टी और पत्थर डाल दिया, लेकिन सड़को का सही तरीके से रेस्टोरेशन नही किया किया.**

लिहाजा आने वाली बरसात में क्षतिग्रस्त सड़के दुर्घटना का कारण बनेगी और लोगो के घरो में पानी भरेगा. कई किलो मीटर सड़क रेस्टोरेशन का कार्य बचा हुआ है, निगम आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान बरसात के पहले रेस्टोरेशन का कार्य पूरा करने के निर्देश दिये. लेकिन कम्पनी कछुआ गति से काम कर रही है. अगर काम की गति यही रही तो बरसात के पहले



रेस्टोरेशन का काम नही हो पाएगा. शहर के वार्ड 43, 44, 32, 4, 5 सहित विभिन्न वार्डो में सीवर लाइन के दौरान सड़क क्षतिग्रस्त हुई, उसमें मिट्टी और कंक्रीट के टुकड़े डाल कर छोड़ दिये गये. जबकि अनुबंध के मुताबिक सड़क को उसी तरह बनाकर देना था जैसे खोदने के पहले थी. लेकिन काम करने वाली कम्पनी केवल क्षतिग्रस्त सड़क को मलवे से पाट कर चलती बनी, अब मोहल्ले के लोग परेशान है. कई बार चिरहुला कालोनी वार्ड के पार्षद द्वारा नगर निगम आयुक्त से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई. कंक्रीट सड़क जहा पर सरिया लगी थी वहा सरिया न लगाकर केवल कंक्रीट कर दिया गया. कई जगह तो कंक्रीट भी नही हुआ है. लिहाजा बरसात के दौरान कीचड़ होगा और सड़क धस जाएगी, ऐसे में हादसे भी होगे. हाल ही में नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन ने नीम चौराहा सहित कई मोहल्लो में निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण सड़क रेस्टोरेशन के निर्देश दिये पर उसका असर दिखाई नही दे रहा है.

### निर्देश के बाद भी कछुआ गति से चल रहा काम

हाल ही में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने सर्किट हाउस में बैठक के दौरान सीवर लाइन निर्माण से क्षतिग्रस्त सड़को का तत्काल रेस्टोरेशन कराए जाने के निर्देश दिये थे. उसके बाद भी काम में गति देखने को नही मिल रही है. बैठक में बताया गया था कि सीवरेज निर्माण के लिये खोदी गई केवल 4 किलो मीटर सड़क का रेस्टोरेशन शेष है. जबकि हकीकत यह है कि कई किलो मीटर सड़क ऐसी है जिसका रेस्टोरेशन नही किया गया, वार्ड के लोग परेशान है. महापौर अजय मिश्रा बाबा एवं निगम आयुक्त ने भी बैठक लेकर बरसात के पहले सड़क रेस्टोरेशन के काम को पूरा करने के निर्देश दिये है लेकिन सीवरेज का कार्य करने वाली कम्पनी के कान में जूं तक नही रेंग रही है, लिहाजा कछुआ गति से काम चल रहा है. 20 दिन बाद मानसून दस्तक दे देगा और काम की गति बेहद धीमी है. कम्पनी पर निर्देशों का कोई असर नही हो रहा है.



# पेड़ से टकराकर पलटा सीमेंट बल्कर में लगी आग, चालक जिंदा जला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मई, रीवा-सीधी मार्ग पर बीती रात एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई. गुढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गहरी पकरा के समीप सीमेंट से लदा एक तेज रफ्तार बल्कर अनियंत्रित होकर आम के पेड़ से टकरा गया.**

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बल्कर में भीषण आग लग गई. इस हादसे में वाहन चालक को संभलने या बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका और उसकी मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार सीमेंट लोड बल्कर वाहन क्रमांक एमपी 19 एचएच 6094 बरिगवां से सीमेंट लोड करके बिड़ला सतना की ओर जा रहा था. रात के लगभग 2:00 बजे जैसे ही वाहन पकरा गांव के समीप पहुंचा, चालक संतुलन खो बैठा और वाहन सीधे सड़क किनारे स्थित एक विशाल आम के पेड़ से जा टकराया. टक्कर लगते ही बल्कर पलट गया और उसमें शॉर्ट सर्किट या ईंधन रिसाव के कारण चंद सेकेंडों में ही विकराल आग भड़क उठी. देर रात मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने जब धधकते हुए बल्कर को देखा तो उन्होंने बिना समय गंवाए तत्काल गुढ़ थाना पुलिस एवं आपातकालीन सेवा डायल 112 को इसकी सूचना दी. सूचना प्राप्त होते ही गुढ़ थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक सुरेश साकेत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने और बचाव कार्य शुरू करने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भयावह थी कि चालक को बचाया नहीं जा सका. चालक की पहचान ब्रिजेश गौतम पिता छोटेराम गौतम निवासी ग्राम सतौहरी धनहा जिला सीधी के रूप में हुई है. पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है. गुढ़ पुलिस हादसे की जांच कर रही है.

# मुख्यमंत्री का रीवा एयरपोर्ट में किया गया स्वागत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मई, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रीवा एयरपोर्ट पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल से विमान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे.**

जहां सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, डीआईजी



हेमंत चौहान, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक गुरकरन, आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया.

मुख्यमंत्री के साथ भोपाल से वायुयान द्वारा सतना सांसद गणेश सिंह, खजुराहो सांसद बीडी शर्मा तथा विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह भी रीवा आये. मुख्यमंत्री रीवा से हेलीकॉप्टर द्वारा सतना के लिए रवाना हुए.

# जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक कल 12 बजे से

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 23 मई, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में वनाधिकार समिति की बैठक 25 मई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है.**

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में वन मित्र पोर्टल/एमपीएफआरए पर उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा निराकृत किए गए दावों का निराकरण किया जाएगा.

जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है.

## संक्षिप्त

### नगरीय विकास एवं राज्यमंत्री आज आएंगी मऊगंज

**मऊगंज,** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सतना से अपरान्ह 3 बजे प्रस्थान कर शाम 5 .30 बजे मऊगंज पहुंचेगी तथा स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगी.

### कॉकरोच जनता पार्टी युवाओं के आक्रोश की आवाज: मंगू

**रीवा,** प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने सोशल मीडिया में



तेजी से चर्चा में आई 'काकरोच जनता पार्टी' को युवाओं, किसानों और आम जनता के आक्रोश का परिणाम बताया है. उन्होंने कहा कि देश का युवा, किसान, गरीब मजदूर और छोटा व्यापारी आज अपने भविष्य को लेकर गहरी चिंता में है, लेकिन सरकार में बैठे लोग जनता की समस्याओं को अनदेखा कर भारत के भविष्य को कमजोर करने में लगे हुए हैं. श्री मंगू ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असुरक्षा से परेशान जनता अब अपनी आवाज बुलंद कर रही है. उन्होंने कहा कि 'काकरोच जनता पार्टी' जैसी मुहिम इस बात का संकेत है कि देश का युवा अब चुप रहने वाला नहीं है. उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी लोगों को सड़क पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों की आवाज उठानी चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी जी तथा गृहमंत्री अमित शाह को जनता की वास्तविक समस्याओं का आईना दिखाना चाहिए.

### टीवी शोज से अभितेश ने बनाई पहचान

**रीवा,** विंध्य क्षेत्र का नाम मायानगरी मुंबई में रोशन करने वाले रीवा



जिले के दुम्मा गाँव निवासी युवा अभिनेता व परफॉर्मर अभितेश द्विवेदी अब लेखक के रूप में सामने आए हैं. उनकी नई किताब 'अनकही' ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म अमेज़न पर आधिकारिक तौर पर रिलीज़ हो गई है. पाठकों के लिए यह किताब फिलहाल 20 प्रतिशत की विशेष छूट के साथ उपलब्ध है. 27 वर्षीय अभितेश द्विवेदी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से हिंदी माध्यम में पूरी की. इसके बाद सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर उन्होंने कला की दुनिया में कदम रखा. मुंबई पहुंचकर उन्होंने थिएटर (रंगमंच) से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की. कड़े संघर्ष की बदौलत उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में अपनी पहचान बनाई और अब तक 150 से अधिक ब्रांड्स व 40-50 बड़े विज्ञापनों में नज़र आ चुके हैं. इसके अलावा अभितेश 2-3 प्रमुख टीवी शोज़, फिल्मों, शॉर्ट फिल्मों और कई चर्चित म्यूजिक प्रोजेक्ट्स का भी हिस्सा रहे हैं.

### कवयित्री सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 6 को

**रीवा,** रीवा में आगामी 6 जून शनिवार को माँ वाणी की मानस पुत्रियाँ एकत्र हो रही हैं. अवसर है मानस भवन में सम्पन्न होने वाले आयोजन 'अखिल भारतीय कवयित्री सम्मेलन और सम्मान समारोह' का. अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय, पंकज सिंह पंकू, और हीरेंद्र सिंह की उपस्थिति में मानस भवन में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया. प्राचीन काल से ही रीवा की भूमि साहित्य संगीत और कला के लिए बेहद उर्वर रही है. जहाँ साहित्यकारों संगीतकारों और कलाकारों को राजश्रय और सम्मान प्राप्त होता रहा है. इसका कारण यही रहा है कि रीवा के नरेश स्वयं संगीत और साहित्य के साधक रहे हैं. यही नहीं रीवा राजघराने की महारानियां भी साहित्य और कला संगीत के लिए समर्पित रही हैं जिनमें महारानी कीर्ति कुमारी का नाम सर्वाधिक प्रतिष्ठित है.

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा,** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने बताया कि वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 18 वर्ष से कम आयु के भारतीय बच्चे आवेदन कर सकते हैं. आवेदन अवार्ड डॉट जीओभी डॉट इन पोर्टल पर किए जा सकते हैं.

# गंगा दशहरा में श्रमदान से दिया जाएगा जल संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मई, रीवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य लगातार किए जा रहे हैं. जिले में गंगा दशहरा 25 मई को मनाया जाएगा.**

इस दिन जिला, नगरीय निकाय और विकासखण्ड स्तर पर जल संरक्षण और संवर्धन से जुड़े बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. रीवा जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे. गंगा दशहरा पर नदियों के उद्गम स्थल, तालाबों, परंपरागत जलस्रोतों की साफ-सफाई और जल संवर्धन के कार्य किए जाएंगे. इसके साथ-साथ हैण्डपंपों तथा नलजल योजना के जलस्रोतों में रिचार्ज पिट बनाने एवं कुंओं के भी साफ-सफाई के कार्य होंगे. गंगा दशहरा प्राचीन काल से जल संरक्षण और संवर्धन दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है. किए जा रहे कार्यों में आमजनता की भागीदारी है.

# तपन और लू के बीच तापमान पहुंचा 44 डिग्री

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मई, प्रदेश के साथ-साथ रीवा और मऊगंज जिले में इस समय आसमान से आग बरस रही है. भीषण गर्मी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है. तेज धूप और गर्म हवाओ के बीच तापमान 44 डिग्री पहुंच गया है.**

एक दिन बाद नौतपा लगेगा और तापमान 47 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है. शनिवार को 15 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलती रही.



हालत यह थी कि दोपहर सड़को पर सन्नाटा रहा. जिन सड़को में दोपहर जाम लगता था वह सड़के सूनी नजर आई. दरअसल भीषण गर्मी के कारण लोग घरो से बाहर नही निकल रहे है और शाम 6 बजे के बाद बाजार में भीड़ दिखाई देती है. इस समय तेज धूप में बाहर निकलना बेहद नुकसान दायक साबित हो सकता है. लू और गर्मी से बचने के लिये लोग दोपहर को नही निकलते है. दिन के साथ-साथ रात के न्यूनतम तापमान में कोई परिवर्तन नही आया है. 26.2 डिग्री रात का न्यूनतम तापमान रहा, रात और दिन बराबर गर्मी पड़ रही है हर कोई गर्मी से बेहाल है. 25 मई से नौतपा की शुरूआत होगी और इस बार नौतपा में बूंदाबांदी की संभावना है. देखना यह है कि नौतपा में भीषण गर्मी पड़ती है या बूंदाबांदी के बीच नौतपा की विदाई होगी.

# भीषण गर्मी के बीच हैंडपम्पों की मरम्मत में लगा तकनीकी अमला

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 23 मई, मऊगंज जिले में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान के बीच आमजन को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ कार्य किया जा रहा है.**

कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की 12 टीमें लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर खराब हैंडपंपों का



सुधार कार्य युद्ध स्तर पर कर रही हैं. लगभग 44 डिग्री सेल्सियस तापमान एवं तेज गर्म हवाओं के बीच विभागीय कर्मचारी और तकनीकी अमला गांव-गांव जाकर खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने में जुटा हुआ है. पीएचई विभाग की टीमों द्वारा दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी पहुंचकर खराब हैंडपंपों को तत्काल सुधारने का कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल रही है. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा है कि जिले में कहीं भी पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए. इसके लिए पीएचई विभाग की टीमों को सतत मॉनिटरिंग करते हुए फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं. कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि गर्मी के इस कठिन दौर में हैंडपंप सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है. जहां कहीं भी हैंडपंप खराब है उन्हे बनाया जा रहा है.

# गंगा दशहरा में जलस्त्रोतों की होगी सफाई

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 23 मई, मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य लगातार किए जा रहे हैं.**

जिले में गंगा दशहरा 25 मई को मनाया जाएगा. इस दिन जिला, नगरीय निकाय और विकासखण्ड स्तर पर जल संरक्षण और संवर्धन से जुड़े बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. मऊगंज जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र होंगे. गंगा दशहरा पर नदियों के उद्गम स्थल, तालाबों, परंपरागत जलस्त्रोतों की साफ-सफाई और जल संवर्धन के कार्य किए जाएंगे. इसके साथ-साथ हैण्डपंपों तथा नलजल योजना के जलस्त्रोतों में रिचार्ज पिट बनाने एवं कुंओं के भी साफ-सफाई के कार्य होंगे. गंगा दशहरा प्राचीन काल से जल संरक्षण और संवर्धन दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है.

# कृषि रथ कार्यक्रम में किसानों को दी जा रही जानकारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मई, क्रृषि वर्ष 2026 के क्रृषि रथ कार्यक्रम में विकासखंड सिरमौर में 16 मई से लगातार विभिन्न पंचायतों में क्रृषि रथ का आयोजन किया जा रहा है.**

प्रतिदिन प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर तीन चरणों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, डेयरी, कुक्कुट पालन, रेशम पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित योजनाओं और नवीन तकनीकों की जानकारी दी जा रही हैं. जिसमे डॉ अखिलेश कुमार एवं डा केवल सिंह बघेल क्रृषि वैज्ञानिक क्रृषि विज्ञान केन्द्र रीवा, नोडल अधिकारी उमेश कुशवाहा, आत्मा परियोजना अंजना त्रिपाठी, कृष्णा कुशवाहा, क्रृषि विस्तार अधिकरी स्मिता मिश्रा, आरती तिवारी, रितिक शर्मा, अरविन्द मिश्रा, काजोल गौतम, शालिनी मिश्रा, मृत्युंजय मिश्रा एवं उद्यान विस्तार अधिकारी श्रीमती नीतू सिंह उपस्थिति रहे.

# प्रेक्षक कर रहे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की निगरानी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मई, जिले भर में नगरीय निकायों तथा पंचायतराज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है. मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 25 मई तक प्राप्त की जाएंगी.**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक अरूण पाण्डेय सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की निगरानी की जा रही है.



प्रेक्षक ने नगरपालिका चाकघाट, त्योंथर एवं ग्राम पंचायत सोहागी तथा ग्राम पंचायत अतरैला में फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण अंतर्गत प्राप्त दावा-आपत्तियों का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं. आयोग के निर्देशों के अनुसार एसआईआर के बाद तैयार मतदाता सूची को इसका आधार बनाएं. एसआईआर के दौरान किसी कारणवश यदि पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से बाहर रह गया है तो उसका नाम आवेदन कराकर सूची में जुड़वाएं.

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि दावे-आपत्तियों के लिए सिर्फ दो दिन ही शेष बचे हैं. अत: अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं और पूरी पारदर्शिता के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करें.

# रीवा परिवहन विभाग का सघन बस जांच अभियान, विभिन्न मार्गों पर 7 बसों पर हुई चालानी कार्यवाही

- यात्री सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मई. यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क परिवहन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से रीवा परिवहन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर यात्री बसों की सघन जांच अभियान चलाया गया।**

अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाली बसों के विरुद्ध प्रभावी चालानी कार्रवाई की गई।परिवहन विभाग की टीमों ने सीधी, गुढ़, सिरमौर, बैकुंठपुर, चाकघाट सहित आसपास के प्रमुख मार्गों पर संचालित यात्री बसों की गहन जांच की।जांच के दौरान बसों में यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े आवश्यक उपकरणों जैसे




अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया।अभियान के दौरान 7 बसों में सुरक्षा उपकरणों की कमी, परमिट शर्तों के उल्लंघन तथा अन्य अनियमितताएं पाई गईं, जिन पर तत्काल चालानी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बस संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बसों का संचालन मोटरयान अधिनियम एवं परमिट की शर्तों के अनुरूप ही किया जाए तथा क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाया जाए।परिवहन विभाग ने कहा कि यात्री सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से इस प्रकार के विशेष जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे। परिवहन विभाग ने बस संचालकों से स्वेच्छा से नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित एवं जिम्मेदार परिवहन व्यवस्था ही यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित यात्रा का भरोसा दिला सकती है।